# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 31.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर देवघर पहुंची, थोड़ी देर बाद एम्स के दीक्षांत समारोह में लेंगी भाग।**
2. **विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने की सर्वदलीय बैठक, मानसून सत्र के सुचारु संचालन में की सहयोग की अपील, आज सत्ता पक्ष के विधायकों की भी बैठक।**
3. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त दो अगस्त को करेंगे जारी, कृषि मंत्री ने कार्यक्रम को राष्ट्रव्यापी अभियन के रुप में आयोजित करने का किया आह्वान।**
4. **राज्य भर में 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े चालक और ईएमटी कर्मी काम पर लौटे, सेवा फिर से बहाल, मरीजों और परिजनों को राहत।**
5. **कोलकाता में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हजारीबाग के कराटेकारों का शानदार प्रदर्शन, 15 स्वर्ण समेत 74 पदक जीते।**

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर देवघर पहुंच गयी हैं। वे आज देवघर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान –एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। और जानकारी के साथ

*******************

इधर, रांची में भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रीमती मुर्मू के दौरे को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है।

*******************

अपने दौरे के दूसरे दिन यानी कल राष्ट्रपति धनबाद जायेंगी और आइआइटी आइएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। समारोह के दौरान 34 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जायेगा।

*******************

राष्ट्रपति के आगमन को लेकर आइआइटी आइएसएम के विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। वे राष्ट्रपति का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

*******************

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र कल से प्रारंभ हो रहा है। सत्र के सुचारु संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने आज सर्वदलीय बैठक की। उन्होंने सभी दलों से सत्र के संचालन में सहयोग की अपील की। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, प्रदीप यादव और संजय यादव समेत विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी आज शाम सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ बैठक बुलायी है। इस बैठक में सत्र के दौरान विपक्ष के सवालों का माकूल जवाब देन की रणनीति बनायी जायेगी। सत्र को लेकर भाजपा ने कल अपने विधायकों की बैठक बुलायी है।

*******************

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त दो अगस्त को जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी में लाभुकों के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे। इस संबंध में कल नई दिल्ली में कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। उन्होंने इस कार्यक्रम को एक राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में आयोजित करने का आह्वान किया।

*******************

राज्य भर में 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े चालक और ईएमटी कर्मी काम पर लौट आये हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की पहल पर प्रोजेक्ट भवन में हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद एम्बुलेंस सेवा के चालकों ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। एम्बुलेंस सेवा फिर से बहाल होने से मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिली है।

*******************

रामगढ़ में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी दूध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री की टीम ने हाईवे पर एक दूध टैंकर को पकड़ा, जिसमें लगभग 30 हजार लीटर मिलावटी दूध भरा हुआ था। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने_बताया कि यह टैंकर उड़ीसा से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था।

*******************

बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद निवेशकों की जोखिम–मुक्त धारणा और तेज़ हो गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 184 अंक गिरकर 81 हजार 298 पर और एनएसई निफ्टी 24 हजार 810 पर बंद हुआ।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार 5 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 20 हजार रूपये है।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के तीन जिलों दुमका, देवघर और जामताड़ा में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान  30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। इधर, राजधानी रांची में भी आसमान में बादल छाये हुए हैं और रुक रुक कर हल्की बारिश हो रही है।

************************

कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में सेशिनकाई कराटे संघ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में हजारीबाग के कराटेकारो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 74 मेडल हासिल किये हैं। इनमें 15 स्वर्ण, 19 रजत और 41 कांस्य पदक शामिल हैं।  इस प्रतियोगिता में भारत समेत पांच देशों के लगभग सात हजार कराटेकारों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हजारीबाग के लगभग 80 कराटेकारों ने हिस्सा लिया।

*********समाप्त**********